दैनिक भास्कर (Dainik Bhaskar)

दिनाँक (Dated): 06/09/2024	पृष्ठ सं0 (Page No). 01	क्रम सं0(Serial No.) 4

आईजीआई एयरपोर्ट: 60 लाख के हीरे के साथ दो लोग पकड़े

नई दिल्ली | सीआईएसएफ ने आईजीआई एयरपोर्ट पर 60 लाख रुपए मूल्य के लगभग 163 ग्राम वजन के हीरे ले जा रहे दो भारतीय नागरिकों को पकड़ा है। सहायक महानिरीक्षक पीआरओ अपूर्व पांडे ने बताया, टर्मिनल-3 पर 5 सितंबर को सुबह 6 बजे सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ कर्मियों ने पाया कि एक यात्री ने कमर की बेल्ट में विभिन्न आकार के लगभग 80 ग्राम वजन के हीरे छुपा रखे हैं। बाद में यात्री की पहचान जीतेंद्र फारसियो के रूप में हुई, जो तुर्की एयरलाइन की उड़ान से इस्तांबुल जा रहा था। सीआईएसएफ कर्मचारियों ने इस मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों और सीमा शुल्क अधिकारियों को दी। यात्री के मोबाइल की गहन जांच और उससे पूछताछ करने पर पता चला कि उसका साथी एम अनुज पाटिल भगवान भी उसी फ्लाइट से यात्रा कर रहा था और उसके पास भी हीरे थे। सीसीटीवी फुटेज की मदद से उसे पकड़ लिया गया। उसके हैंड बैग में विभिन्न आकारों के लगभग 83 ग्राम वजन के हीरे मिले। दोनों यात्रियों को कस्टम अधिकारियों को सौंप दिया गया।